ईडीपी/एएमसी/2021 01-03-2021

संविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं

एक वर्ष की अवधी केलिए स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची, केरला में चार डेल सर्वरों तथा इ-नीलामी केंद्र, बोडिनायकन्नूर, तमिलनाडु में एक डेल सर्वर के वार्षिक अनुरक्षण ठेके हेतु सेवा प्रदाताओं से संविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

सेवा प्रदाता को कंप्यूटर तंत्रों और/या सर्वरों को ठीक करने तथा अनुरक्षण में कम-से-कम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए। पात्रता के प्रमाण केलिए निविदा के साथ कार्य आदेश और परियोजना समाप्ति/कार्य संतुष्टि/बीजक की प्रति प्रस्तुत की जानी है ।

सेवा प्रदाता संविदा प्रस्तुत करने से पहले स्पाइसेस बोर्ड के कार्यालयों में आकर कंप्यूटरों का मूल्यांकन कर सकता है।

कार्य का दायरा तथा निबंधन व शर्तें

- ए एम सी में ओ एस लगाना, क्षतिग्रस्त वस्तुओं/भागों का प्रतिस्थापन करना, साइट पर अनुरक्षण और मरम्मत करना तथा अन्य संबंधित कार्य शामिल हैं।
- ए एम सी में सीपीयू, मॉनीटर, कीबोर्ड, माउस तथा कंप्यूटर तंत्र के सभी भाग और सर्वर के मॉनीटर, कीबोर्ड, माउस को छोड़कर सभी भाग शामिल होना चाहिए।
- 24 घंटों के भीतर सिस्टम के सही अनुरक्षण हेतु फर्मों के पास पर्याप्त संख्या में स्पेयर्स/ड्राइवेर्स होने चाहिए।
- यदि किसी सिस्टम की ऑफ-साइट सेवा की आवश्यकता होती है तो एक समान निर्माण/मॉडल का एक स्टैंडबाई, बिना कोई अतिरिक्त लागत के प्रदान किया जाना चाहिए।
- 24 घंटे से अधिक किसी भी डाउनटाइम के लिए कुल ठेका मूल्य के 0.5 प्रतिशत की उगाही दैनिक आधार पर की जाएगी। अधिकतम जुर्माना 5 प्रतिशत तक सीमित रहेगा।
- फर्म को एक एकल संपर्क बिंदु पर सिस्टम के रखरखाव के लिए जिम्मेदार व्यक्ति का विवरण प्रदान करना चाहिए और उसे उपयोगकर्ताओं द्वारा आसानी से संपर्क करने के लिए सेलफोन प्रदान किया जाना चाहिए।
- हर महीने निवारक अनुरक्षण किया जाएगा ।
- यदि निष्पादन संतोषजनक नहीं है तो बोर्ड किसी भी समय पर ए एम सी रद्द करने का

अधिकार रखता है। ऐसे संदर्भ में विक्रेता, मरम्मत केलिए लिए गए सभी स्पेयर्स एवं कंप्यूटर के सहायक उपकरणों को सही रूप से मरम्मत करके उनका पुन:स्थापन सुनिश्चित करेगा।

- प्रत्येक तिमाही केलिए कार्य की संतोषजनक पूर्ति और चालान की प्रस्तुति के 30 दिनों के भीतर ए एम सी चार्ज निष्पादित किया जाएगा। ये चालान, प्रत्येक तिमाही के अंत में उठाए जाने चाहिए। कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।

निम्नलिखित फॉर्मेट में मूल्य बोली प्रस्तुत की जानी है:

#	मद	कर के बिना लागत (रुपयों में)	लागू कर (रुपयों में)
1	एक वर्ष केलिए प्रति सर्वर केलिए एएमसी लागत स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची, केरला में डेल सर्वर		
2	एक वर्ष केलिए प्रति सर्वर केलिए एएमसी लागत स्पाइसेस बोर्ड इ-नीलामी केंद्र, बोडिनायकन्नूर, तमिलनाडु डेल सर्वर		

नोट :
(क) : बोलियाँ, ऊपर उल्लिखित एक और दो, दोनों मदों केलिए प्रस्तुत की जानी चाहिए। अन्यथा बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।
(ख) : ऊपर उल्लिखित एक और दो के योग के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

प्रस्ताव को, ऊपर "सर्वरों के वार्षिक अनुरक्षण ठेके केलिए प्रस्ताव" लिखे मुहरबंद लिफाफे में स्पीड़ पोस्ट/पंजीकृत ड़ाक के ज़रिए / दस्ती प्रस्तुत किया जाना है ताकि निम्नलिखित पते पर 15-03-2021 को दोपहर बाद 2.00 बजे के पहले प्राप्त हो जाए।

उप निदेशक(ईडीपी)
स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन,
एन एच बाई पास, पालारिवट्टम, कोच्ची-25
टेली. : +91-484-2333603
ई-मेइल: jijesh.das@nic.in

संविदाएँ, स्पाइसेस बोर्ड के मुख्यालय के समिति कक्ष में उसी दिन दोपहर बाद 3.00 बजे को खोली जाएंगी। कोई भी संविदा प्रतिभागी, संविदाओं के खोलते समय उपस्थित होना चाहते हैं, तो वे ऐसा कर सकते हैं।

यह अनुमान है कि उपरोक्त कार्य की लागत 2.5 लाख रुपए से कम है। इसलिए, जीएफआर 155 के तहत प्रावधानों के अनुसार संविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

उप निदेशक (ईडीपी